दिनांक- 01.08.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 476/26

# महोबा पुलिस

## क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा सेंट जोसेफ स्कूल में छात्र-छात्राओं को अनुशासन, करियर व साइबर जागरूकता का दिया संदेश।

आज दिनांक 01.08.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नगर श्री रविकांत गोंड द्वारा सेंट जोसेफ स्कूल, महोबा में छात्र-छात्राओं के मध्य एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान क्षेत्राधिकारी महोदय द्वारा बच्चों को अनुशासन के महत्व, जीवन में लक्ष्य निर्धारण एवं बेहतर करियर निर्माण के लिए निरंतर प्रयास करने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही उन्होंने छात्रों को राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों एवं जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करते हुए एक जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया।

इसके अतिरिक्त, वर्तमान समय में सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव को ध्यान में रखते हुए उसके सकारात्मक उपयोग एवं दुष्प्रभावों के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। छात्रों को साइबर अपराधों के विभिन्न प्रकारों, उनसे बचाव के उपायों तथा ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का सुरक्षित उपयोग करने के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी देकर जागरूक किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा क्षेत्राधिकारी महोदय को सलामी देकर उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम के समापन उपरांत विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं समस्त अध्यापकगणों द्वारा क्षेत्राधिकारी महोदय को मोमेंटो एवं अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।





दिनांक- 01.08.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 477/26

# महोबा पुलिस

## "सीसीटीएनएस रैंकिंग में महोबा पुलिस का पहला स्थान, मुख्यालय तकनीकी सेवाएं ने पुलिस अधीक्षक महोबा को किया सम्मानित"

- सीसीटीएनएस योजना के अन्तर्गत उत्कृष्ट कार्यप्रदर्शन के आधार पर मुख्यालय तकनीकी सेवाएं, उत्तर प्रदेश द्वारा जून 2026 के आंकड़ों के अनुसार जारी प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में जनपद महोबा पुलिस ने 100% अंक प्राप्त करते हुए एक बार फिर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि महोबा पुलिस की कार्यकुशलता, त्वरित निस्तारण और तकनीकी दक्षता का प्रमाण है।




- इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अपर पुलिस महानिदेशक, तकनीकी सेवाएं, उत्तर प्रदेश द्वारा पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती वन्दना सिंह सहित सीसीटीएनएस डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर का दायित्व निभा रहे कंप्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-बी, श्री रहमान रशीद, श्री इंद्रजीत सिंह के कार्यों की प्रशंसा की गयी है । मुख्यालय द्वारा टीमवर्क, उत्तरदायित्व व विभाग की प्रतिष्ठा बढ़ाने हेतु किए गए प्रयासों की सराहना की गई और भविष्य में भी इसी मनोयोग एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त की गई है।

सीसीटीएनएस क्या है?-

- सीसीटीएनएस (Crime and Criminal Tracking Network & Systems) एक एकीकृत ऑनलाइन प्रणाली है, जिसके माध्यम से किसी भी अपराध से संबंधित रिपोर्ट, विवेचना की अद्यतन स्थिति, आरोपियों की गिरफ्तारी, केस डायरी से लेकर चालान प्रस्तुत होने तक की सभी आवश्यक कार्यवाही ऑनलाइन दर्ज की जाती है। यह प्रणाली पारदर्शी, तीव्र और प्रभावी पुलिस कार्यप्रणाली का महत्वपूर्ण आधार है।
- सीसीटीएनएस रैंकिंग में शामिल प्रमुख पोर्टल इन सभी पोर्टलों पर श्रेष्ठ फीडिंग, समयबद्ध अपलोडिंग तथा सतत मॉनिटरिंग के आधार पर जनपद महोबा को पहला स्थान प्राप्त हुआ—1.CCTNS Portal के IIF Forms 2. Training Certificate Portal 3. Pared Portal 4.Field Unit Portal 5.PG Portal 6.Foot Patrolling Portal 7.CRIMAC Portal 8.ICJS Portal 9.Crime Analytical Portal 10.NAFIS Portal
- पुलिस अधीक्षक महोबा के कुशल नेतृत्व में प्राप्त यह उपलब्धि जनपद पुलिस की तकनीकी दक्षता, अनुशासन और त्वरित निस्तारण की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

दिनांक- 01.08.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 478/26

# महोबा पुलिस

## सर्किल कुलपहाड़- थाना पनवाड़ी

## थाना कुलपहाड़ पुलिस टीम ने अवैध तमंचा व कारतूस के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वंदना सिंह के निर्देशन में जनपद में अवैध शस्त्र/शराब/गांजा/जुआ की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री अनुरुद्ध कुमार के निर्देशन में थाना कुलपहाड़ पुलिस को सफलता मिली है।

प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार मिश्रा द्वारा गठित टीम के उ0नि0 हरीशंकर यादव, का0 धीरज कनौजिया व कां0 हेमन्त मिश्रा द्वारा आज दिनांक 01.08.2026 को बेलाताल रोड से कबूतरा डेरा मुढारी मार्ग पर चेकिंग के दौरान अभियुक्त शैलेन्द्र राजपूत पुत्र बृजलाल राजपूत, उम्र करीब 35 वर्ष, निवासी ग्राम मुढारी थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तारी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद हुआ। बरामदगी एवं गिरफ्तारी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना कुलपहाड़ पर मु0अ0सं0 174/2026 धारा 3/25 आयुध अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई, बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया है।

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

- शैलेन्द्र राजपूत पुत्र बृजलाल राजपूत, उम्र करीब 35 वर्ष निवासी: ग्राम मुढारी, थाना कुलपहाड़, जनपद महोबा

**बरामदगी-**

- 01 अदद तमंचा 315 बोर
- 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर

**गिरफ्तारी करने वाली टीम-**

1. उ0नि0 हरीशंकर यादव
2. का0 धीरज कनौजिया
3. कां0 हेमन्त मिश्रा



**दिनांक- 01.08.2026**

**प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 479/26**

# महोबा पुलिस

## सर्किल नगर- थाना कबरई

# थाना कबरई पुलिस टीम ने वारण्टी/वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के कुशल निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वंदना सिंह के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी नगर रविकांत गोंड के नेतृत्व में वारण्टी/वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कबरई पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई।

उक्त अभियान के अंतर्गत प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह थाना कबरई के निर्देशन में गठित पुलिस टीम द्वारा दिनांक 01.08.2026 को 01 नफर वारंटी अभियुक्ता व 01 नफर वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

**वारंटी अभियुक्ता का विवरण-**

लक्ष्मी पत्नी सुजीत कबूतरा, उम्र करीब 35 वर्ष, निवासी वर्मा तालाब कस्बा कबरई थाना कबरई जनपद महोबा को मु0अ0सं0 116/2015 धारा 60(2) आबकारी अधिनियम से संबंधित माननीय न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट महोबा द्वारा निर्गत वारंट के अनुपालन में विवेक नगर (वर्मा तालाब) कस्बा कबरई थाना कबरई क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।

**वांछित अभियुक्त का विवरण-**

पप्पू कुशवाहा पुत्र स्व0 रामगोपाल कुशवाहा, उम्र करीब 53 वर्ष, निवासी विशाल नगर कस्बा कबरई थाना कबरई जनपद महोबा को मु0अ0सं0 175/2026 धारा 105/3(5) बीएनएस से संबंधित होने के कारण बांदा तिराहा कस्बा कबरई थाना कबरई क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त/अभियुक्ता को आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

**प्रथम टीम-**

1.उ0नि0 आशीष कुमार यादव

2.म0का0 प्रीति गौतम

**द्वितीय टीम-**

1.अप0निरीक्षक श्याम प्रताप पटेल

2.हे0का0 मनोज सिंह

3.का0 दिवाकर सिंह






महोबा पुलिस

दिनांक- 01.08.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 480/26

# पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह ने थाना चरखारी का आकस्मिक निरीक्षण कर कानून-व्यवस्था, जनसुनवाई एवं व्यवस्थाओं का लिया जायजा।

जनपद महोबा के पुलिस अधीक्षक श्री शशांक सिंह द्वारा आज दिनांक 01.08.2026 को थाना चरखारी का आकस्मिक निरीक्षण कर थाना कार्यालय, मिशन शक्ति केन्द्र, साइबर हेल्प डेस्क, भोजनालय सहित थाना परिसर के विभिन्न अनुभागों का गहन अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान अभिलेखों एवं विभिन्न रजिस्टरों का अवलोकन कर लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक ने मिशन शक्ति अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से क्षेत्र में महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने हेतु नियमित रूप से बहू-बेटी सम्मेलन आयोजित करने के निर्देश दिए। साथ ही साइबर अपराधों के प्रति आमजन को जागरूक करने तथा साइबर हेल्प डेस्क के माध्यम से पीड़ितों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने पर विशेष बल दिया।

आगामी श्रावण मास, कांवड़ यात्रा एवं अन्य त्योहारों के दृष्टिगत कानून-व्यवस्था की तैयारियों की समीक्षा करते हुए संवेदनशील स्थलों एवं प्रमुख मार्गों पर सतर्क निगरानी रखने, प्रभावी पुलिस व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा जुलूस, शोभायात्राओं एवं धार्मिक आयोजनों को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने फरियादियों की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने पर विशेष जोर देते हुए जनसुनवाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

इसके अतिरिक्त मुकदमाती मालों के समयबद्ध निस्तारण, थाना परिसर में खड़े मुकदमाती वाहनों को क्रमबद्ध एवं स्पष्ट नंबरिंग के साथ व्यवस्थित रखने, अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव, स्वच्छता एवं थाना परिसर की समग्र व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए।

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री दीपक दुबे, प्रभारी निरीक्षक श्री बीरेंद्र प्रताप सिंह, पीआरओ राहुल मिश्रा, कस्बा चौकी प्रभारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

